बिहार सरकार
<u>स्वास्थ्य विभाग</u>

# आदेश

सं० सं०–17 / विविध 1–110 / 2024 पटना, दिनांक :–

डा० शगुफता सीरीन, व्याख्याता (संविदा), पीडोडोंटिक्स विभाग, पटना दंत महाविद्यालय एव अस्पताल, पटना की संविदागत नियुक्ति विभागीय अधिसूचना संख्या–120(17) दिनांक–14.03.2022 के द्वारा की गयी है, जिसके आलोक में डा० सीरीन द्वारा दिनाक–21.03.2022 को योगदान किया गया।

2. प्राचार्य, पटना दत महाविद्यालय एव अस्पताल, पटना के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि डा० सीरीन संस्थान मे योगदान करने के उपरान्त क्रमबद्ध रूप से विभिन्न अवधियों में अपने कर्त्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रही हैं। अनधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में प्राचार्य द्वारा स्पष्टीकरण पुछे जाने पर डा० सीरीन द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया। अतः डा० सीरीन का कार्य असंतोषजनक होने के कारण इनकी संविदा अवधि दिनांक–20.03.2024 को समाप्ति के उपरान्त विस्तार नहीं किया गया।

3. साथ ही प्राचार्य द्वारा सूचित किया गया है कि डा० सीरीन वर्तमान में भी लगातार अपने कर्त्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित है। डा० सीरीन के उक्त कृत्य से स्पष्ट है कि इनकी सेवा सतोषजनक नही है।

4 डा० सीरीन के संविदागत नियुक्ति संबंधी अधिसूचना सख्या–120(17) दिनांक–14.03.2022 की कडिका–2(छ) में प्रावधानित है कि लगातार 15 दिनों की अनाधिकृत अनुपस्थित रहने पर सविदा नियोजन समाप्त कर दिया जायेगा।

5. अत. सम्यक् विचारोपरान्त डा० शगुफता सीरीन, व्याख्याता (संविदा), पीडोडोटिक्स विभाग, पटना दत महाविद्यालय एव अस्पताल, पटना की संविदा आधारित सेवा को समाप्त की जाती है।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सं० सं०–17 / विविध 1–110 / 2024 – 271(17) पटना, दिनांक :– 17.03.25

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। साथ ही निदेशित है कि डा० सीरीन के बकाया वेतन आदि (यदि हो तो) का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– संबंधित निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– डा० शगुफता सीरीन, व्याख्याता (संविदा), पीडोडोंटिक्स विभाग, पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना, पत्राचार का पता–गृह सख्या–327, वार्ड सं०–37, करमगंज, जिला–दरभगा, पिन कोड–846001 को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– माननीय मत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा– 01, 02, 07, 08, 10 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई० टी० मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Renu Kumari Bashas
विशेष कार्य पदाधिकारी।

Estt/D/Raum sh Sir/Aadesh